भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1282
सोमवार 14 मार्च, 2022 (23 फाल्गुन, 1943 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

पायलटों की कमी

1282. श्री नीरज डांगीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में पायलटों की कमी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास देश में पायलटों की संख्या के संबंध में कोई ब्यौरा है; और

(ग) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान देश में पायलटों की भर्ती से संबंधित संख्या का वर्ष वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) से (ग) देश में पायलटों की कोई कमी नहीं है। हालांकि, कुछ प्रकार के विमानों पर कमांडरों की कमी है और इस कमी को विदेशी एयरक्रू अस्थायी प्राधिकार (फाटा) जारी करते हुए, विदेशी पायलटों का उपयोग करके पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में, भारत में 87 फाटा धारक हैं।

वर्तमान में, भारत में विभिन्न एयरलाइन प्रचालकों के साथ लगभग 9,000 पायलट नियोजित हैं।

पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में भर्ती हुए पायलटों की संख्या इस प्रकार है:

वर्ष:	**2019**	**2020**	**2021**
भर्ती किए गए पायलटों की संख्या:	**2,368**	**400**	**296**

****